7 राज्य • 1 केंद्रशासित प्रदेश • 19 संस्करण : उत्तर प्रदेश | उत्तराखंड | हिमाचल | जम्मू-कश्मीर | दिल्ली | हरियाणा | पंजाब | चंडीगढ़

अमर उजाला

बरेली
मंगलवार, 10 अप्रैल 2018

amarujala.com

श्री राममूर्ति स्मारक कॉलेज में टेक फेस्ट का आयोजन

बरेली। एसआरएमएस सीईटी में कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग एवं इनफॉर्मेशन टेक्नोलाजी विभाग द्वारा एक दिवसीय स्टेट लेवल टेक फेस्ट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ट्रस्ट एडमिनिस्ट्रेटर इंजीनियर सुभाष मेहरा, डीन एकेडमिक्स प्रो. प्रभाकर गुप्ता, प्लेसमेंट हेड अनुज कुमार, विभागाध्यक्ष डा. एलएस मौर्या ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। फेस्ट में बरेली के समस्त इंजीनियरिंग कॉलेजों के 351 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इनमें 90 कंप्यूटर सोसायटी ऑफ इंडिया के सदस्य हैं। इस मौके पर कराई गई प्रतियोगिताओं में विजेता छात्र-छात्राओं को चेयरमैन एसआरएमएस ट्रस्ट श्री देवमूर्ति ने शील्ड एवं सर्टिफिकेट देकर पुरस्कृ त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में आलोक सेंगर, अंकित कु मार, आशीष अग्रवाल, दिवाकर उपाध्याय, साक्षी गुप्ता, अंशिका अग्रवाल, विनीत कुमार चौहान, सरिता सिंह, सुमन शर्मा आदि ने विशेष सहयोग प्रदान किया। **ब्यूरो**